आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 13.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना का पंजीकरण शुरू– इस वर्ष सवा लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान किए जाएंगे।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत द्वीपसमूह में अब तक सोलह हजार पांच सौ छह किसान लाभान्वित हुए है।
- बकुलतला में स्टार्टअप इंडिया योजना और विभिन्न प्रमुख योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन सौ उनतीस आवासों का निर्माण किया जा रहा है।
- डिगलीपुर में विश्व दृष्टि दिवस पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना का पंजीकरण कल से ऑनलाइन पोर्टल पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन पर शुरू हो गया है। पंजीकरण पच्चीस अक्टूबर तक जारी रहेगा। प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत एक सौ तिरानबे कंपनियों ने लगभग इक्यानबे हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान किये हैं। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टर्नशिप अवसर प्रदान करना है। इस परियोजना पर आठ सौ करोड़ रुपये की लागत आयेगी। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान इक्कीस से चौबीस वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इन्टर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन्टर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जायेगा। इसके अलावा उन्हें छह हजार रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी। इन्टर्नशिप के ये अवसर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सात सौ सैंतीस जिलों में उपलब्ध होंगे। ये अवसर तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे चौबीस क्षेत्रों में मिलेंगे।

<><><><><><><>

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष–यूनिसेफ ने कहा है कि भारतीय आपूर्तिकर्ता वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए संगठन के स्वास्थ्य और रसद सहायता के तीसरे सबसे बड़े प्रदाता हैं। भारतीय व्यवसायियों ने अपने वैश्विक

कार्य के लिए यूनिसेफ को लगभग छह बिलियन डॉलर की लागत की वस्तु और सेवाओं की आपूर्ति की है। भारत की पहली आधिकारिक यात्रा करने वाली यूनिसेफ की आपूर्ति विभाग की निदेशक लीला पक्काला ने कहा कि बच्चों के लिए जीवन रक्षक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति करने वाले भारतीय प्रदाता विश्वभर के बच्चों के लिए यूनिसेफ के कार्य का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि यूनिसेफ उनके योगदान को महत्व देता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत द्वीपसमूह में अब तक सोलह हजार पांच सौ छह किसान लाभान्वित हुए है। लाभार्थियों के खाते में डी बी टी के माध्यम से तिरप्पन दशमलव छह एक छह करोड रूपए की राशि जमा की गई है। सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्‌देश्य से वित्तीय वर्ष दो हजार अट्‌ठारह–उन्नीस के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को हर चार महीने में दो हजार रूपए की तीन बराबर किश्तों में छह हजार रूपए प्रतिवर्ष का वित्तीय लाभ दिया जाता है। इस महीने की पांच तारीख को पी.एम.–किसान की अट्‌ठारहवीं किश्त प्रधानमंत्री द्वारा जारी की गई थी।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग द्वारा स्टार्टअप इंडिया योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, बैंक, कृषि और मत्स्य विभागों की अन्य योजनाओं पर हाल ही में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बकुलतला में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और उद्योग विभाग के कुल पचासी प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों तथा संभावित स्टार्टअप को सूक्ष्म और लघु उद्यमों को समर्थन देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। पीएमएफएमई और पीएमईजीपी योजना प्रभारी, बकुलतला द्वारा स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार सृजन और नई परियोजनाओं के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी दी गई। भारतीय स्टेट बैंक के सहायक प्रबंधक ने बैंकों के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न ऋण योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन सौ उनतीस आवासों का निर्माण किया जा रहा है। नगरपालिका परिषद के सचिव ने हाल ही में प्रातरापुर के प्रधानमंत्री आवास

योजना साइट का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सचिव ने साइट पर कार्य में तेजी लाने और अगले वर्ष इक्कतीस मार्च तक इसे पूरा करने का निर्देश दिया।

<><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान के डिगलीपुर में हाल ही में विश्व दृष्टि दिवस पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुभाष ग्राम के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के ब्लॉक परियोजना कार्यालय द्वारा आयोजित हुआ। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अब्दुल नासिर ने तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों की नेत्र जांच की। कार्यक्रम के दौरान आंखों के स्वास्थ्य के महत्व और आंखों के नियमित जांच की आवश्यकता पर जागरूकता सत्र का भी आयोजन हुआ। सत्र के दौरान दृष्टि संबंधी समस्याओं को रोकने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को सत्र के दौरान प्राप्त जानकारी को अपने परिवारों के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

<><><><><><>

उद्योग निदेशालय के सम्मेलन हॉल में कल सुबह दस बजे से व्यापार सुधार कार्य योजना और विनियामक अनुपालन बोझ को कम करने पर एक दिवसीय कार्यशाला तथा बैठक का आयोजन किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों और हितधारकों के साथ इस संबंध में चर्चा की जाएगी।

<><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओं अभियान के तहत चार हजार वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया। राजस्व अधिकारियों ने श्री विजयपुरम के अस्टीनाबाद में यह अभियान चलाया। इस दौरान पांच अनाधिकृत अतिक्रमणों को हटाया गया। स्वराज द्वीप में भी इसी तरह का अभियान चलाकर चार जगहों पर अवैध निर्माण गतिविधियों को रोका गया। दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन द्वारा इस तरह के अभियान पूरे क्षेत्र में लगातार जारी रहेंगे, जिससे अवैध कब्ज़ों को रोका जा सके। दक्षिण अण्डमान ज़िला उपायुक्त ने अतिक्रमण करने वालों की जानकारी जिला नियंत्रण कक्ष के दिए गए फोन नम्बर या वाट्सऐप के माध्यम से साझा करने को कहा है।

<><><><><><>

केन्द्र सरकार द्वारा मोटर वाहन एग्रीगेटर योजना दो हजार चौबीस का मसौदा जारी किया गया है। इसके आधार पर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उप–राज्यपाल की अनुमति के बाद मसौदे को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। दावे और आपत्तियां तीस दिनों के भीतर परिवहन विभाग के राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव के पते पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

हैदराबाद में आयोजित सैतीसवी राष्ट्रीय शतरंज चैम्पियनशिप का समापन हो गया। यह चैम्पियनशिप ग्यारह वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए आयोजित की गई थी। सात दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में भारत से चार सौ छप्पन लड़कों और दो सौ लड़कियों ने भाग लिया। द्वीपसमूह के खिलाडी भी इसमें शामिल हुए। उन्होंने इस प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। द्वीपसमूह के जे. एस. विराट ने ओपन कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह अंक हासिल किए। लड़कियों की श्रेणी में द्वीपसमूह की परनीता और कृष्णप्रिया बी. राजेश ने चार–चार अंक हासिल किए।

<><><><><><><>